दैनिक जागरण 03/11/2022

# करियर गाइडेंस सेल ने कराई पावर प्वाइंट प्रतियोगिता

**अंबाला** : जीएमएन कालेज के करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल की ओर से विद्यार्थियों के लिए पावर पाइंट कंपीटीशन करवाया गया। इसमें विषय ई पोर्टल का प्रयोग, रोजगार के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग एवं भविष्य में रोजगार की नई संभावनाएं रहे। संयोजक डा .सुरजीत सिंह ने बताया कि विद्यार्थी एनिमेशन, फोटो, ग्रैफिक्स, पीपीटी वीडियो को अलग-अलग टूल्स के साथ जोड़ कर अपने विषय को आसानी से प्रस्तुत कर सकते हैं। जिसमें प्रथम स्थान बीएससी की छात्रा रिद्धि धीमान, दूसरा स्थान बीसीए फाइनल की छात्रा सलोनी व तीसरा स्थान संयुक्त रूप से बीएससी प्रथम के छात्र अंश व कशिश ने प्राप्त किया। मौके पर सुमन, डा .अनीश, डा .श्याम रहेजा व उपिंदर कौर सहित अन्य उपस्थित रहे। (जासं)